प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2024/1334 दिनांकः 28 अक्टुबर, 2024

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ,उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध **बी0फार्म पाठ्यक्रम संचालित समस्त संस्थायें।**

विषयः सत्र 2024-25 के विषम सेमेस्टर के बी0फार्म पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष, तृतीय सेमेस्टर में अध्ययनरत रेगुलर छात्र/छात्राओं का परीक्षा फार्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से भरे जाने तथा निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के सन्दर्भ में सूचित करना है कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024-25 के विषम सेमेस्टर के रेगुलर परीक्षायें गत् वर्ष/सेमेस्टर की भाँति ऑफ-लाइन मोड में आयोजित करायी जानी है। उक्त सेमेस्टर परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं का परीक्षा फार्म माननीय कुलाधिपति/माननीय राज्यपाल महोदया द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपलान में समर्थ पार्टल के माध्यम से चरणवार भरे जाने है, चुंकि समर्थ पोर्टल अभी पूर्ण रूप से लागू नहीं हुआ है एवं इस पोर्टल पर छात्रों के रजिस्टेशन की प्रक्रिया भी जारी है। परीक्षा फार्म को चरणवार तरीके से भरे जाने का निर्णय सक्षम स्तर से लिया गया है। **इस क्रम में प्रथम चरण में बी0फार्म पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष, तृतीय सेमेस्टर के अध्ययनरत रेगुलर छात्र/छात्राओं का परीक्षा फार्म एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क समर्थ पोर्टल के माध्यम से दिनांक 30 अक्टुबर, 2024 से दिनांक 20 नवम्बर, 2024 तक भरे जाने हेतु समर्थ पोर्टल खोल दिया गया है।**

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने संस्थान के **बी0फार्म पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष, तृतीय सेमेस्टर** के अध्ययनरत रेगुलर छात्र/छात्राओं का परीक्षा फार्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से भरवाने एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा कराये जाने के सम्बन्ध में सूचित करते हुए समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें। अन्य पाठ्यक्रमों/विद्याओं के परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु सूचना अलग से उपलब्ध करा दी जायेगी।

भवदीय

28/10/2024

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक/परास्नातक, अपर/संयुक्त/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित की उपरोक्त के अनुसार निर्धारित समय तक आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक